इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3066

3 मई, 2012 को उत्तर के लिए

विदेशों में कोयला अर्जन की योजना

3066. श्री मोहम्मद अली खान:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि0 (सेल) विदेशों में कोयला अर्जन करने की योजना में तेजी ला रहा है; और

(ख) यदि हां, तो चालू वर्ष के लिए तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क) और (ख): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि0 (सेल) ने इंटरनेशनल कोल वैंचर्स (प्रा.) लि0 (आईसीवीएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी के जरिए अपनी विदेशी कोयला परिसंपत्तियों के अधिग्रहण की संरचना की है। विदेशी कोयला परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने के लिए सेल, कोल इंडिया लि0, राष्ट्रीय इस्पात निगम लि0, एनएमडीसी लि0 और एनटीपीसी लि0 के साथ आईसीवीएल को इसकी प्रवर्तक कंपनियों के रूप में रखा गया है।

अपने निर्धारित कार्य के अनुरूप आईसीवीएल सक्रिय रूप से आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, मोजाम्बिक, इंडोनेशिया, कनाडा और अमेरिका जैसे लक्षित देशों में कोयला परिसंपत्तियों की तलाश कर रहा है।

****